# उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, मुख्यपीठ जबलपुर

## //आदेश//

क्रमांक D/3032 / जबलपुर, दिनांक 10/08/2020

रजिस्ट्री आदेश क्रमांक सी/1654 जबलपुर, दिनांक 04.07.2020 के पालन में निम्नलिखित रिकार्ड सप्लायर एवं कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट द्वारा वाहन चालक के पद पर वेतनमान 5200–20200 + ग्रेड पे. रू. 1900/– (7 वे वेतनमान में लेवल 4 पे मेट्रीक्स 19500–62000) में नियुक्ति/पदोन्नति पर उनके नाम के समक्ष कॉलम नं. 4 दर्शायी दिनांक को कार्यभार ग्रहण किया गया है :–

| क्र. | कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | नियुक्त/पदोन्नत पद का पदनाम | नियुक्त/पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्री गिरिजा प्रसाद मिश्रा आत्मज स्व. श्री शिवनाथ मिश्रा, रिकार्ड सप्लायर | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 2. | श्री रावेन्द्र कुमार कुशवाहा आत्मज श्री जगदीश प्रसाद कुशवाहा, कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 3. | श्री राजकुमार कनौजिया आत्मज श्री विश्वनाथ कनौजिया, कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 4. | श्री शिव कुमार दहायत आत्मज श्री रामप्रसाद दहायत, कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 5. | श्री मारूत कुमार वर्मा आत्मज श्री दयाराम वर्मा, कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 6. | श्री रवि शंकर रैकवार आत्मज श्री भवानी शंकर रैकवार, कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 7. | श्री संजय कुमार कुशवाहा आत्मज स्व. श्री परागराम कुशवाहा, कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |
| 8. | श्री प्रदीप कुमार राजपूत आत्मज श्री उग्रसेन राजपूत, भृत्य(कोर्ट अटेंडेन्ट/अटेंडेन्ट/रूम अटेंडेन्ट | वाहन चालक | 06.07.2020 पूर्वान्ह |

(प्रियदर्शन शर्मा)
रजिस्ट्रार(प्रशासन)

......2

पृ.क्र D/3033/ जबलपुर, दिनांक 10/08/2020

1. कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय, जबलपुर,
2. सीनियर प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट (एस.ए.), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु,
3. ज्वाइंट रजिस्ट्रार(एम)(प्रोटोकॉल), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
4. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी(लेखा), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
5. डिप्टी कंट्रोलर एकाउंट्स, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
6. असिस्टेंट रजिस्ट्रार स्थापना, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर(न्यायिक)लेखा/पेंशन/बजट/प्रोटोकॉल, उच्च न्यायालय म.प्र.जबलपुर,
8. सहायक स्थापना/सेवा पुस्तिका/अवकाश/वेतनपत्रक/सी.पी.एफ. पासबुक/प्रोटोकॉल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
9. उपस्थिति लिपिक, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(प्रियदर्शन शर्मा)
रजिस्ट्रार(प्रशासन)

::—::

//R-C-6//

# उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, मुख्यपीठ जबलपुर

## // आदेश //

क्रमांक D/3034 जबलपुर, दिनांक 10/07/2020 08

श्री संतोष चौहान, आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खंडपीठ इंदौर को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्त नियम 1976 के नियम 4(एक) के अंतर्गत 5 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के फलस्वरूप आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले नवगठित सेवा के सदस्य(माली) के रूप में, वेतनमान रूपये 4440–7440 + ग्रेड पे रू. 1300/–(7 वे वेतनमान में लेवल 1 पे मेट्रीक्स 15500–49000) में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से व्यपवर्तित करते हुए निम्नांकित शर्तो पर उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खंडपीठ इंदौर की स्थापना पर नियुक्त किया जाता है :–

1. यह कि, वे शपथ लें कि विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति श्रृद्धा व सच्ची निष्ठा रखेंगे।
2. यह कि कर्मचारी को इस निर्देश के साथ कि वे 15 दिवस के अंदर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, खंडपीठ इंदौर के कार्यालय में उपस्थित होकर किसी कार्य दिवस पर निर्धारित प्रपत्र में इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करें कि उन्हें कभी भी किसी भी आपराधिक मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है या किसी भी पुलिस थाने या न्यायालय में भारतीय दण्ड संहिता अथवा अन्य किसी विधि के अधीन किसी भी प्रकार कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ है और न ही ऐसा कोई मामला लंबित है तथा किसी भी अपराध के लिये न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है और न ही शासकीय सेवा में चयन हेतु वर्जित किया गया है, यह कि आज दिनांक तक मुझे किसी भी विश्वविद्यालय या किसी भी अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्था द्वारा किसी भी परीक्षा में बैठने से वर्जित नहीं किया गया है और न ही निष्कासित किया गया है। यह कि मैंने भर्ती प्रक्रिया में जो भी जानकारियॉ दी है एवं दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं वे पूर्णतः सत्य व सही हैं। यदि प्रस्तुत जानकारी एवं दस्तावेज असत्य पाये जाते हैं तो मेरी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेंगी तथा मेरे विरूद्व असत्य शपथपत्र प्रस्तुत करने के लिये भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा सकेगा जो मुझे स्वीकार एवं मान्य होगा यदि चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने पर मुझे शासकीय सेवा के अयोग्य पाया जाता हैं तो मेरी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
3. यह कि वे उच्च न्यायालय के सेवाकाल में किसी अन्य कार्यालय को किसी अन्य पद के लिए सीधे आवेदन नहीं करेंगे।
4. यह कि, वे बिना पूर्वानुमति के अग्रिम अध्ययन नहीं करेंगे और न ही उससे संबंधित परीक्षा में सम्मिलित होंगे, स्वाध्यायी छात्र के रूप में भी किसी शैक्षणिक अध्ययन करने या परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।
5. यह कि उनकी नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी तौर पर है तथा उनकी सेवायें कभी भी बिना कारण बताये समाप्त कर दी जावेंगी।
6. यह कि, उनकी नियुक्ति इस प्रतिबंध के साथ की जाती है कि उन्हें अपनी स्वास्थ्यता का प्रमाण–पत्र जो कि सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ्यता प्रमाण–पत्र विपरीत पाये जाने पर कर्मचारी की सेवायें समाप्त की जावेगी।
7. कर्मचारी को यह स्वीकार करना होगा कि प्रशासनिक आवश्यकता समझी जाने पर उन्हें मुख्यपीठ जबलपुर एवं खंडपीठ ग्वालियर की स्थापना पर सेवा करने हेतु स्थानांतरित किया जा सकेगा।
8. कर्मचारी को समय–समय पर पारित हिदायतों का कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करना होगा।
9. यह कि, यदि वे सेवा से पृथक होना चाहेंगे तो उन्हें एक माह पूर्व सूचना देनी होगी अथवा सूचना के अभाव में एक माह के वेतन भत्तों के बराबर राशि नगद जमा करनी होगी।

....................2

10. कर्मचारी को लिखित रूप से अभिस्वीकृति देनी पड़ेगी कि उसे उपर्युक्त सभी शर्तें मान्य हैं और भविष्य में समय–समय पर जो भी संशोधन अथवा जो भी परिवर्तन होंगे, वे भी उसे मान्य होंगे।
11. यह कि उपरोक्त कर्मचारी द्वारा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्यता का प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं मूल प्रमाण पत्रों के परीक्षण उपरांत संतुष्ट होने पर ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जावेगी।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय
के आदेशानुसार,

07/8/2020

(राजेन्द्र कुमार वाणी)
**रजिस्ट्रार जनरल**

पृष्ठांकन D/3035 जबलपुर, दिनांक 10 / 07 / 2020
08

प्रतिलिपि :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर, इंदौर(म.प्र.),,
2. रजिस्ट्रार (प्रशा.) / रजिस्ट्रार–कम–पी.पी.एस, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
3. कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय, ग्वालियर,
4. सीनियर प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट (एस.ए.), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु,
5. ज्वाइंट रजिस्ट्रार(एम)(प्रोटोकॉल), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
6. असिस्टेंट रजिस्ट्रार स्थापना, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
8. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर(न्यायिक), स्थापना, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
9. सहायक, स्थापना, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
10. श्री संतोष चौहान, आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खंडपीठ इंदौर,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(प्रियदर्शन शर्मा)
**रजिस्ट्रार(प्रशासन)**